वि. सं. २००१
आषा. शु. १५ रवि.

अमुद्रित

श्रीः

पञ्जाबप्रान्तान्तर्गत "आयलपुर" नगरे विनिर्मितोऽयं "चारुसन्देशः"

पत्युः श्रेयः पतिहितपरां प्रार्थयन्तीं परेशं
प्रेम्णा पूतामतिमतिमतीं पालयन्तीं स्वशीलम् ।।
चित्ते चञ्चत्स्वपतिचरणौ चर्चितौ चिन्तयन्तीं
साध्वीं पत्नीं महितमुनयो वन्दनीयां वदन्ति ।। १ ।।

नित्यानन्दे महति महसां वासने वर्त्तमानं
गौरीकान्तं दहरकुहरेऽहर्निशं भावयन्तम् ।।
संसारेऽस्मिन्कलुषमसृणे मङ्गलेभ्यः प्रतीपे
मोहाऽऽवर्त्ते पुनरपि न मां पातयेथाः सुशीले ।।

भोगाः केचिल्ललितललिता घोरघोराश्च केचित्
सर्वे कालाक्षणपरिणता नाशमेव व्रजन्ति ।।
वित्तं विद्या वपुरनुपमं वास्तवं वस्तु नैतत्
किंचित्तस्माद्विरम विरसाद्वासनावारिधेस्त्वम् ।।

स्थाने स्थाने ललितकथनं निर्गमं सङ्गमं वा
नद्याः स्रोतो रचयति यथा वालुकानां कणानाम् ।।
कामं वामो विधिरपि तथा लालितां लालयन्स्वां
लोकाऽऽश्लेषं घटयति मुहुः स्वात्मनः प्रीणनाय ।। ४

कल्याणानां वसति हृदये कामना चेत्त्वदीये
तां कल्याणीं परममहिषीं मानसे भावयेथाः ॥
दुःखं दैन्यं दुरितदलनी दास्ये देवतानां
या सा सूते सपदि सकलाः सम्पदः सुप्रसन्ना ॥५

अस्ति स्वान्ते यदि मयि परं प्रेम कल्याणशीले
शीले वंशे त्रुटिमणुमपि प्रापयेथा न कांचित् ॥
कांचिद्दिव्यां रसय महितां शाम्भवीं वाग्विभूतिं
भूतिर्यस्याः परकरुणया प्रापणीया समस्ति ॥६

अस्मिन्गात्रे जननमरणक्लेशपात्रेऽपवित्रे
हित्वा मोहं विमलहृदये तां सतीं पद्मनेत्राम् ॥
मुक्तिर्दासी भवति सकला यत्कृपादृष्टिपाता-
दार्यां भार्यां स्मरदमयितुश्चारुशीले भजेथाः ॥७॥

बद्ध्वा पद्मासनमविधवेऽहम्महो भावरूपे
स्वादुस्वादे ललितललिताऽभिन्नबिन्दौ स्वरूपे ॥
आनन्दानां जयिनि महतामुत्तमानां निधाने
शैवं भावं रसयितुमहो शीलवत्यर्हसि त्वम् ॥८॥

कामेश्वर्या सह ललितया साधु कामेश्वरं तं
स्वान्ते शान्ते प्रतिदिनमभिध्यायतो विश्वरूपम् ॥
विद्वद्वंशेऽधिगतजनुषस्त्राणकृच्छ्रीलवत्याः
कल्याणाय प्रभवतु चिरं चारुसन्देश एषः ॥९॥
कालनामप्रमिते वर्षे पौर्णमास्यां शुचौ रवौ ॥
[१९..] निरमायि रससन्देशमाचार्याऽमृतवाग्भवः ॥१०॥

इति परात्रिंशिकाटीकायां स्मृतानां ग्रन्थानां नामानि।

इतीश्वरप्रत्यभिज्ञाविमर्शिनीस्थनामानि।

ईश्वरप्रत्यभिज्ञाविमर्शिनी—

प्रत्यभिज्ञाकारिकाविमर्शिन्यां प्रमाणीकृता ग्रन्थाः

स्वच्छन्दतन्त्र पृ १२, ७१, ...

षडर्धसारशास्त्र पृ १२, १६१, १७६, २३२

त्रिकहृदय पृ १३

पञ्चस्रोतःप्रभृतीनि शास्त्राणि पृ १५

श्रीसोमानन्दपादैः निजविवृतौ पृ १६, ३७, ४१, ४२, ४५, ६२, ६३, ६७, ९०, ९१, ९२, ९५, १००, २०७, २२८

श्रीतन्त्रसार पृ २०

श्रीस्पन्दे पृ १८, ९९,

नुतिमयैवस्तोत्रे २३

तदेतत् श्रीपूर्वपञ्चिकायां मयैव विस्तरतो निर्णीतम् २४

श्रीमदुत्पलदेवप्रभुपादैः २६, १३१,

मत्स्योदरीमत २८

आगमान्तर ३०

उत्पलदेवपादैः ३१

सारशास्त्र ३१

श्रीवाजतन्त्र ३५

विस्तारितोऽस्माभिः विस्तारतोऽस्माभिः स्तुत्यन्त मयैव ... पादपादैः ३८

महावीरेण भगवताव्यासेनाऽपि ४१

षट्त्रिंशमयैव स्तोत्रे ४१

षडर्धसारसर्वस्वं ६५

भट्टनारायण ६१, २०२,

1928 सं. १९८५ मार्ग. कृ. ३ शु. ९ बजा ...

*— ३॥रु. का टिकट लेकर ११ बजे रेलमें बैठा सो ५ बजे 'लखनऊ' उतरा. यहां =) देकर टांगेसे 'गोमती' नदी पर गया जहां पक्का लोहेका पुल बना है. यहां कुछ देर ठहर कर फिर पैदलसे स्टेशनपर आया. यहांसे १।रु. का टिकट लेकर रात्र १२ बजेके गाडीसे 'सीतापुर' गया. ३ बजे 'सीतापुर' स्टेशनपर उतरा. यहांसे -) देकर टांगेसे धर्मशालामें पहुंचा यहां रातभर सोया (३ घंटे).

(श.— आज सुब: यहांसे १ मील शहरके बाहरकी तरफ एक मन्दिरमें शौचादि स्नानादि करके ११ बजे ११ भूखा रहा. शामको पांच बजे १=)। टिकट लेकर बडेलाइनसे रेलसे 'नीमसार' = नैमिषारण्य गया. एकमात्र अंगोछा कुएमें (सीतापुरमें) गिर गया. यहां ललिता भगवतीका दर्शन करके ११ घूम कर 'चक्रतीर्थ' देखता हुआ 'गोमती' नदी तीरपर एक वैष्णवसाधुके पास भूखे ही रात्री बिताई. इस स्थानको 'द्वारका' कहते हैं. यह वैष्णवसाधु कर्णाटक ब्राह्मण है. ७ वर्षसे यहीं रहता है. इसकी उमर करीब २७-२८ वर्ष से ज्यादः नहीं है.

(र. ५ मी. आज यहां सुब: शौचादि स्नानादि करके घूमता हुआ चक्रतीर्थके पास 'नागास्वामी' के पास गया. यहां इसने अपने मीठे शब्दोंसे हमको आश्रय दिया परंतु उस समय हमारी बुद्धि कहीं भाग गयी थी. इस कारण उसका कपट समझमें नहीं आया. और यह ठहरा. आज सिर्फ दूध पीया था. यह नागा बडा दुष्ट धूर्त, कामी तथा अत्यन्त पापी है. इसने एक नीमा के लिये पाठशाला भी रखी है.

ज्ये विधवा पुत्रवधू में इसने सन्यासी होने के बाद पुत्र उत्पन्न किया है. वह १२ वर्ष का इसके पास ही रहता है. पर है यह लडका बडा बुद्धिमान्. । इस नागेने हमको कहा कियहां (नीमसार में) चोर डाकू लुटेरे एक एक पैसे के लिये प्राण लेते हैं. यह बात तो (बिलकुल ठीक है) सो तुम्हारे पास जो कुछ हो सो मेरे पास रख दो. फिर हमको यहां हमने फिर नकी कोई डर नहीं. मैंने भी मूर्खतासे ८०॥ साढे सात रुपये उसको दे दिये. जो फिर लेने में बडे तकलीफ हुए. यहां सिर्फ दूध पीकर रहता था. ~~यहां ... ...~~
(सो. आज भी सिर्फ दूध पीया था. हमको दो दिन में आता हूं कहकर अपने विद्यार्थियों को लेकर 'नागा' किसी गांव को चला गया था. फिर यह आया नहीं. पीछे यहां के पण्डित को दया आई. इसलिये रोज दूध मिलता था.
(५ पंचमी से १४ तक यहां था. इसमें एक त्री प्रदोष 'देवदेवेश्वर' महादेव में स्थान बदलकर किया. १४ चतुर्दशी को घूमता हुआ १५ मील पर गोमती के तीर पर एक स्थान पर गया था. वहां एक तपस्या करने वाले ब्राह्मण से परिचय हुआ. इस स्थान का नाम 'अयोध्या' है. यहां एक हनुमान का मन्दिर है. यह मन्दिर तथा दो पक्की कोठरी और दो झोपडियां एक महात्मा ने बनवाई थी.
४ ~~...~~ चार महीने हुए इन महात्मा को स्वर्गवासी होकर. तपस्या कर ...

१ राजाराम कान्यकुब्ज ब्राह्मण

३ यहांसे १६ कोसपर 'नीलगांवरियासत'
के पासका रहनेवाला है. यह कान्यकुब्ज ब्राह्मण
गोपालपुरका निवासी है. इसका नाम पं. कन्हैया
लाल है. यह पानीमें खडा होकर (गोमतीमें
गायत्रीजप करता है नीलगांव के राजा को पुत्र होने
लिये. इसने एक अलग कुटी बनवाई है. इसकी उम्र
३० वर्षकी है. इसके स्त्री पुत्र बापके पास हैं.
इसके पास सेवा के लिये इसके बापके ममेरे भाईका
लडका रहता है. यह स्वभावका बहुत अच्छा है
हमसे बडा प्रेम करता था. चतुर्दशीकी रात्री
से लेकर पौ. शु. ४ तक इसके पास रहा. अमावा-
स्या को 'भागो' के पास गया तो देखा कि यह अभी
आया है. बडे मुश्किल से इसके पास से ४॥
साडे चार रुपये मिले. अमावास्याको बिलकुल
उपवास. फिर इसमेंसे ४ रुपये कन्हैयालाल
के पास रक्खे. दूध के लिये. मार्ग: शु. दि. से
पौ: शु. ४ (अनु.) तक कन्हैयालालजीसे एक ब्राह्मण
भाई साबूदानेकी खीर बना देता था. वह खाकर
मैं गोमतीतीरपर गायत्रीजप करता था खडे हो
कर. यहां एक फूसकी कुटी मेरे लिये
कन्हैयालालने गोमतीके बिलकुल किनारे बनवा
दीथी. रातको कुछ दिन इसीमें रहता था. पर
यहां बहुत ठंड होनेके कारण न रहा गया. फिर
रातमें मन्दिर के पास झोपडीमें रहता था.
यहां धूनी भी रहती थी. १ लाख गायत्रीजप किया
मकर संक्रान्ती भी यहां हुई:
(पौ. शु. ७ चतुर्थी ~ आज शामको यहां से

२ यहांसे १६ कोसपर 'नीलगांवकीपास'
केपासका रहनेवाला है. यह कान्यकुब्ज ब्राह्मण
गोपालपुरका निवासी है. इसका नाम पं. कन्हैया
लाल है. यह पानीमें खडा होकर (गोमतीमें)
गायत्री जपकरता है नीलगांव के राजा को पुत्र होने
लिये. इसने एक अलग कुटी बनवाई है. इसकी उमर
३० वर्षकी है. इसके स्त्री पुत्र बाप के पास हैं.
इसके पास सेवा के लिये इसके बापके ममेरे भाईका
लडका रहता है. यह स्वभाव का बहुत अच्छा है.
हमसे बडा प्रेम करताथा. चतुर्दशी की रात्री
से लेकर पौ. शु. ४ तक इसके पास रहा. अमावा-
स्या को 'नागो' के पास गया तो देखा कि यह अभी
आया है. बडे मुश्किल से इसके पास से ४॥
साडे चार रुपये मिले. अमावास्या को बिलकुल
उपवास. फिर इसमेंसे ४ रुपये कन्हैयालाल
के पास रखे. दूध के लिये. मार्ग: शु. द्वि. से
पौ: शु. ४ (चतु.) तक कन्हैयालाल से वक ब्राह्मण
भाई साबूदाने की खीर बना देताथा. वहखाकर
मैं गोमती तीरपर गायत्रीजप करताथा खडे हो
कर. यहां एक फूस की कुटी मेरे लिये
कन्हैयालालने गोमती के बिलकुल किनारे बनवा
दीथी. रातको कुछ दिन इसीमें रहताथा. पर
यहां बहुत ठंडके कारण नहीं रहागया. फिर
रातमें मन्दिर के पास झोपडी में रहताथा
यहां धुनी भी रहती थी. १ लाख गायत्रीजप किया
मकर संक्रान्ती भी यहां हुई:
[illegible]

बिनाटिकट रेलमें बैठकर 'बालामऊ' पर उतरा.
यहां रात 'कछौना' बाजार में एक दूकान में काटी.
=) मिठाई खाकर. दूसरे दिन सुबः शौचादि करके।
बिनाटिकट रेलपर चढा 'टीटी' ने 'कारना' स्टेशन
पर उतारदिया. यहां से पैदल हरदोई गया. यहां
एकरात्री 'धर्मशाला' में काटी. भो. एक मन्दिरपर खि
चडी बनाखाई. एकरात्री एक ठाकुरद्वारे में काटी.
भिक्षामांगकर कुछ पैसे लायेथे उससे हलवाईके
यहां से पूडी मिठाई लेखाई. [illegible] रात्री एक
पाठशाला में एक पण्डितके पास भो. एक भीयही. इसने
=) पैसे भी दियेथे. चौथेदिन शामको ५ मील चल-
कर एकगांवमे 'मुन्नासिंह' के [illegible] 'चौपाड' में ठहरा
रातभर रुकाकर दूसरेदिन ५ मील चलकर 'गो-
कुलबेहट' गांवमें पहुंचा. यहां गांवके बाहर एक
स्त्रीपुत्रहीन कान्यकुब्ज ब्राह्मणके पास ठहरा. इस
का नाम कन्हैयालाल है. रात्री यहां रहा. यहां
एकदिन ठा. शंकरबक्श के घर भोजन को गया था.
प्रदोष भी इसी गांवमें किया. बालभी यहां कटवाये.
यहांसे 'शाहाबाद' होकर 'अल्लापुर' १ रात्री था. यहां
आजकल गुड खूब बनानेमे आताथा. दूसरेदिन
खिचडी बनाखाकर शामको पैदल १५ मील
चलकर ९ बजे रात 'शाहजहांपुर' पहुंचा यहां
रामगङ्गा नदी के किनारे 'बिसरात' पर रातभर रहा.
यहां साधुओं की एक बडी जमात ठहरी थी.

५ धर्मिभुनाथीनीमिजापाप्रसाद कुछ यहांभी जगा
पाया. आज पूर्णिमाथी.
(माघ कृ॰ प्रतिपद ~ आज सुबह उठकर शौचादि
करके स॰ जीमंडी के एक पण्डित के पास गयाथा
इसने थोडा चावल दाल नमक मिर्च दियाथा वह
एक मन्दिर में बनारवाया. यहां कुछ थोडे भीखमांग
कर पैसे लाये थे. एक रामानुज सम्प्रदायी ब्राह्मण
यहां के रईस मिश्रजी से ।।) भिक्षा में मिले थे.
यहां से बिनाटिकट 'बीसलपुर' रेलसे गया.
रातभर धर्मशाला में रहा. दूसरे दिन से पं. राम
भरोसेलाल कान्यकुब्ज ब्राह्मण के घर भो॰ तथा
निवास करता था. यह बडा तपस्वी देवीभक्त है.
यह हमारा मित्र हो गया था. इसने ५॥ रुपये
कीमत का एक कम्बल चन्दा करके खरीद दिया
था. और ७।= किराया पीलीभीत तक का कर दि
या था. इसने ४ पैसे भगवती दुर्गा का प्रसाद करके
दिये थे. (ये पैसे हमारे पास अभी तक हैं) २रु.
ला॰ गोपीनाथ ने दिये थे. यहां से [struck] रात के
गाडी से १= टिकट देकर पीलीभीत गया यहां
श्री रेल में गई. यहां ८ दिन था. यहां दोनो समय
लाला मकुन्दसेन चूडीवाला के घर भोजन करता था.
इस में एक दिन एक शाकद्वीपी ब्राह्मण के घर भोजन किया
था. शहर के बाहर की ओर 'दुग्धधारी महादेव' के मन्दिर
में एक कोठरी में रहता था. यहां का पुजारी कान्यकुब्ज
ब्राह्मण है. इस का नाम कन्हैयालाल है. वृद्ध है. बडा ताम-
सी है. यहां अपने पास के पैसे खा पी गया. ।।) टिकट लेकर

'टनकपुर मण्डी' गया रातभर यहां काटी. एक शिवम-

फिर मैंने कुछ मिठाई लेकर खाई. यह मण्डी काफी बडी है.
(१२०) माघ कृ. ३० अमा. आज सुबह शौच स्नानादि 'शरयू' ६
नदी पर किया. फिर यहां से पैदल 'दुनास' गया.
रास्ते में अकेला था और रास्ता पहाडी होने के कारण
रास्ता भूल गया था था इससे नौ मील के बजाय १४
मील चलना पडा. 'दुनास' से 'पूर्णागिरी' के दर्शन को
गया था परंतु थक जाने के कारण 'दुर्गा' का दर्शन
करके 'दुनास' लौट आया. यहां एक 'नागा सन्या-
सी' ठहरा था यह बहुत ही अच्छा था. इससे बडा प्रेम
हुआ था. यहां एक और मैथिल ब्राह्मण ठहरा था यह
असल पाखण्डी है. यहां एक कुर्मे था क्षत्रि यभी मी
दार ठहरा था. इसी के आग्रह से यहां २ दिन मैं था
भो. दोनों समय यही कराता था. तीन चार बार पूर्णा
गिरी दर्शन को गया था.. यह नागा सन्यासी 'पूर्णा
गिरी शिखर पर भी जाता था. मैने इसको अपनी
आंखों से देखा है. यहां ऐसी प्रसिद्धी है कि शिखर
पर कोई नही जा सकता अगर कोई जाये तो भग
वती उसको गिरा देती है. मैं नही जा सका था.
पहाडी रास्ता यहां का कठिन है. यहां से २ मील पैदल 'टन-
कपुर' मण्डी' में एक शिवालय में २ रात्री ठहरा था
खाना पीना भिक्षा कर के किया. यहां 'शरयू' के पार
नैपाल राज्य में 'ब्रह्मदेव मण्डी' में गया. टनकपुर से यह
३॥ मील है. यहां नैपाल की मण्डी है. यहां 'सिद्ध बाबा'
का दर्शन करके मण्डी में एक खाली कुटी में ३ तीन
दिन था. माघ शु. १३ शिव प्रदोष यहीं हुआ था.
माघ शु. ~~१४~~ ~~१५~~ पूर्णिमा को फिर 'टनकपुर' आ-
या. यहां ४ दिन था. बहुत मुश्किल से भोजन मिल-
ता था. यहां [illegible]

ब्राह्मण के यहाँ पाया था इसने कुछ ~~...~~ चावल =) दिये थे.
इससे ॥) मिले थे एक दिन ॥) टिकट लेकर
पीलीभीत आया यहाँ २ दिन रहा. एक दिन 'मकु-
न्दसेन खत्री वाले के घर और एक दिन पं. दुर्गाशङ्-
र शुक्ल' के घर भोजन किया था. इसके साथ कुछ
मित्रता हुई थी. यहाँ से मोटर लारी से 'बरेली'
गया ॥-) किराया दुर्गाशङ्कर ने दिया था. यहाँ एक
रात्री एक शिवालय में काटी दूसरे दिन हरिद्वार
का पूर्व परिचित अग्रवाल लाला लालाराम दा-
स के घर गया. यहाँ ४ दिन था. यहाँ एक दुपट्टा
और ४ रु. मिले थे. (फा. कृ. १३ प्रदोष - आज
रात लालाराम दास के घर नियमानुसार प्रदो-
ष पारण रात को करके १) रु. टिकट लेकर रेल से
'राजघाट नरौरा' गया. (१४ शिवरात्री ~
सुबह ५ बजे गाडी से उतरकर थोड़ी देर स्टेशन पर
रह कर फिर गङ्गा पर गया यहाँ शौच स्नानादि
करके कई जगह घूमता एक बाग में एक कुटी में
ठहरा यहाँ ~~२ दिन था~~ रात्री था. (फा. १५. ३ को यहाँ से
(बाग के कुटी से) पैदल ५ मील चलकर 'कर्णवास' गया. यह एक गङ्गा
तीर पर जि. बुलन्दशहर में बड़ा अच्छा क्षेत्र है. यहाँ मैं पहुँचा तो
देखा कि यहाँ 'गायत्रीपुरश्चरण' हो रहा है. यह गायत्रीपुरश्चरण
हाथरस का एक वैश्य करवा रहा था. २५-३० ब्राह्मण जप में थे.
सम्पूर्ण पुरश्चरण कराने वाला आचार्य पं. मोतीलाल नागर
थी. इसका हमारा काशी का ही बड़ा परिचय था. इसके साथ
यजमान का प्रतिनिधि रूपेण काम करने वाला कालिका
काशी का हमारा सश्रेणिक ब्राह्मण पं. विश्वनाथ गायत्री
करता था. इन दोनों ने देखते ही ... आदर से आ-
ग्रह से यहाँ रख लिया. मोतीराम ने बहुत ही आदर से रख

लिया. फिर फा. शु. ३ से चै. कृ. १३ तक यहां कर्णवासमें मोतीरामके पास था. दोनों समय भो. तथा निवास इसके पास. यहां एकदिन 'भृग्वाश्रम' (भे-पा) गयाथा. यहां भेश्रके मैनेजर ब्राह्मणके आग्रहसे भोजन भी कियाथा. यहां पुरश्चरणमें दशादिन चण्डीपाठ हमने कियाथा १० रु. १ लोटा गोमुखी आसन गडवी आचमनी आदि मिलाथा. 'मथुरा' का किराया १ रु. ॥) मिलाथा. यहां पुरश्चरणसमाप्तिपर 'गायत्रीमाहात्म्य' विषयपर 'महात्मा उडियाबाबा' की अध्यक्षतामें मेरा व्याख्यान हुआथा. यहां महात्मा स्वामी विमलानन्द 'महात्मा ब्रह्मचारीजीवनदत्त' आदि लोगथे. यहां 'उडियाबाबाके कईबार दर्शन किये' कुछ सम्भाषण भी कियाथा. विमलानन्दसे गायत्रीपर बडी विचार शास्त्रार्थ हुआथा. स्वामी विश्वेश्वरानन्द (दण्डी) के प्रश्नोंका जबाब मैंने दियेथे. उस परे ये बडे प्रसन्न हुए. और रागबाशकी दी ये बडे भारी नैयायिक हैं लाहोरका पं. लालसिंह देव इनको गुरु मानता है. उग्रानन्द महात्माका दर्शन किया. चै. कृ. द्वादशीको ब्राह्मण अपने अपने घरगाये. पं. मोतीराम पं. विश्वनाथ ब्राह्मणे कर काशीगये. त्रयोदशीको सुबः यहांसे 'राजघाट' रेल्वेस्टेशन' पैदल गया. यहांसे रेलसे मथुरा गया. यहां 'पण्डया अमृतराम नागर गोकुलमें नथुरा' के घर गया प्रदोषव्रत पारणव्रत को किया. यमुनास्नान 'अमृतराम के साथमें बहुत परिचय हुआथा. चै. कृ. १४ आज शौच स्नानादि करके भोजनभी =) देकर तांगेसे 'वृन्दावन' गया. यहां एक वृक्षके नीचे रातकाटी चै. कृ. ३० (अमा.) वृन्दावनसे पैदल ९ मील 'भाण्डीरवन' यहां रात्री काटी चना गुड खाकर सं. १९८६ वर्षप्रतिपत् 'भाण्डीरवन' में हुई. यहांसे पैदल 'नौहझील' यहां तहसील है. यहां रात्री काटी एकराली गुड चना खाकर. रास्तेमें =) मिठाई खाई थी. इसदिन एकधानयन सोदा सामान दियाथा नहवनारवाया.

९ यहां एक हनुमान मन्दिर है वहां एक बूढा महात्मा रहता है. यह हनुमद्भक्त है. पहमुझे रहने को भी कहता था पर मैं नहीं रहा. यहां से पैदल ७ मील 'हसनपुर' गया. यहां 'ग्यासीराम' के बाग में एक रात्री रहा रात दूध इसने भेजा था. दूसरे दिन 'ग्यासीराम' ने सीधा दिया था वह बनाखाकर पैदल ५ मील 'खामी' पहुंचा एकने दूध पिलाया १ रात्री यहां था. दूसरे दिन यहां से १ मील पैदल 'शोलाका' रेल्वे स्टेशन गया यहां से [illegible] टिकट 'पलवल' गया यह जि. 'गुडगांव' में है. यहां संस्कृत पाठशाला में ठहरा यहां पं. मनोहरलाल गौड पढाता है. इससे परिचय हुआ. इसके पाठशाला को हमने एक सार्टिफिकेट लिखा दिया. २ दिन एक रात्री मनोहरला-लके पास भोजन. यहां भैरवागिरी से जानपहचान हुई. यहां से पैदल ~~[illegible]~~ चलकर एक मन्दिर में रातभर रहा. दूसरे दिन सुबः स्नानादि करके २ मील पैदल 'बलबगढ' गया -)॥ मिठाई दूध खाया. फिर पैदल 'कालिका देवी' पहुंचा यहां से देहली ७ मील रहती है. भगवतीका दर्शन किया मन्दिर बडा अच्छा बनता है. आज चै. शु. ७ थी. यहां बडा मेला था. यहां =) मिठाई -) दूध खाकर धर्मशाले में रातभर रहा दूसरे दिन चै. शु. ८ सुबः कालीदर्शन करके २ मील पर एक तलाव में स्नानादि कर यहां एक बाग में चण्डीपाठ किया. फिर कुछ =) पूरियां खाकर रात को =) देकर लारीसे ७ मील 'देहली' पहुंचा. यहां रातभर यमुना के तीर पर सोया था. यहां एक ऋषिकेश संन्या-सी भी था. सुबः शौचादि कर 'निगमबोध' घाट पर यमुना स्नानादि करके. एक बनिये के घर भोजन किया. इस बनि-ये का रास्ते में ही परिचय हुआ था. आज १ नवमी कि रात्री इकट्ठी थी. रामनवमी थी. आज हमारा उपनयन दिन था) शाम को यहां से पैदल जमुना के तारे किनारे ३ मील [illegible] गुलबार में ठहरा था. १ रात्री.

दूसरे दिन सुबः शौचादि करके यमुनास्नान किया. फिर यहां
रोटी खाई. यहां एक कान्यकुब्ज ब्राह्मण जि· उन्नाव
का रहनेवाला विपत्ती का मारा ठहरा था यह वृद्ध है. उमर
६० वर्ष की है. इसकी औरत यहां पे १८ वर्ष की है. ऋण बहु-
त होगया है. पहले यह प्रारमरी स्कूलों में मास्टरी कर
चुका है. इसने रोटी पका दी थी. हमने भी खाई. साथिया
सिखों ने दिया था. शाम को यहां से पैदल ७ मील चल
कर एक बगीचे में ठहरा. यहां एक संन्यासी मिला
यह महाराष्ट्र ब्राह्मण उज्जैन का रहनेवाला था. इसके
आग्रह से भात खाया जो कि इसने बनाया था. यहां
रातभर रहा. दूसरे दिन ३५ मील पैदल चलकर 'गंडी'
में रातभर रहा. यहां एक ब्राह्मण ब्रह्मचारी ने रोटी दाल
खिलाई. दूसरे दिन चै. शु. १३ आज गडी से पैदल
११ मील 'तनौर' रेल्वे स्टेशन जाकर ॥=) टिकट लेकर
रेल से 'कुरुक्षेत्र' पहुंचा यहां स्नानादि करके एक देवी
मन्दिर में गया. यह कुरुक्षेत्र से ६ मील है. यहां रातभर दो-
षपारण रोहाने चबूतरे पर. दूसरे दिन चतुर्दशी को
हलुआ खाकर 'पापहरण' तीर्थ पर २ मील पैदल आया
यहां रातभर एक बड़ाली उड़िया बैरागी के पास काटी
रात रोटी बनाकर खाई आटा दाल इसने दिया था.
यहां से पैदल ५ मील दूसरे दिन चै. शु. १५ को फिर कुरु
क्षेत्र आया. यहां स्नानादि किया. यहां बाणगङ्गा 'च-
क्रकूप' आदि तीर्थ है जो यहां के जोगी दूर डाकू हैं. भूखी
तो जैसे खाने को ही दौड़ती है. यहां चोरी व्यभिचार आ-
दि पाप बहुत है. यहां 'कुण्ड पर' ही एक वैष्णव स्थान
में भो· 'खीर' किया. यहां पाठशाला है इसके
पास काशी के पं. यमतामतैया से का मिला इसको दूर
से ही देखकर मैं चल [illegible]
जा कर पहुंचा ॥=) लारी. एक शिव मन्दिर में ठहरा.

यहां ३ रात्री ठहराथा. वै. ६. २ को यहांके पुजारी सनाढ्य ब्राह्मणके यहां भो. ‑) ५ मिलीथी. दूसरे दिन एक जातिपेके घर. तीसरे दिन अपने हाथ बनाकर. आतिथ्य किया. (वै. ६. ३ को शामको १६. किराया देकर 'सैजादपुर' गया. यह एक अच्छा कसबा है. यहां रातभर एक मन्दिर में तलाव पर रहा. दूसरे दिन एक यहांके ब्राह्मण से परिचय हुआ यह बडा अच्छा विद्वान है. इसकी वेषभूषा मुसलमान की तरह देखकर पहले हमको मुसलमान ही मालूम हुआ था. इसने बडा सत्कार किया. इसीने रोटी भी खिलाई. इसने ये बातें कही~ 'धोरा त्रिलोकपुर में एक ब्राह्मण आया है, उसको 'शास्त्रीजी' कहते हैं. दिन की बात बताता है. ऐसा सुना है. परदूसरके फूलसू हाथ नहीं होते हैं. हम नहीं गये' इससे और भी बहुत बातें हुई. यह अच्छा व्युत्पन्न पण्डित है. मगर भी इसकी खासि है. इसका नाम शायद 'डेल्हू' है. यहां एक पं. रामप्रसाद वैद्य है इससे भी बातचीत हुई थी. शामको पैदल यहांसे ३ मील 'ककडमाजरा' गया. यहां एक पाठशाला (संस्कृत की) है. यहां का अध्यापक यहां था नहीं. रातभर एक चौपाल में सोये थे. एक ने रोटी दाल लाही थी वह खाई. दूसरे दिन यहांसे 'राणीका रायपुर' गया रास्ता भूलकर एक गांव में चला गया था. यहां एक ब्रह्मचारी ने एक ब्राह्मणसे रोटी बनवा कर खिलाई. रातभर 'राणीके रायपुर में' एक साधू के मन्दिर पर बाहर मैदान में सोया था. दूसरे दिन सुबह उठकर ५ मील पैदल 'धोरा त्रिलोकपुर' पहुंचा. यहां भो. तथा निवास. यहां एक जोगीयों का स्थान है. इस में प्राचीन साधुओं की समाधियां और मन्दिर हैं. यहां 'गुरुशास्त्रीजी' को देखा. यह अत्यन्त पाखण्डी है. अत्यन्त मूर्ख है. एक पङ्क्ति संस्कृत शुद्ध कह या लिख सकता नहीं. यहां इसने सिद्धाई का आडम्बर मचाया है. जोगियों के स्थान के महलको इसने फसा रखा है. यह मांस मद्य खूब खाता पीता है. अपने शागिर्दों के साथ वाममार्गी और पं. हरदेव शास्त्री (अमृतसर) का

शिष्य बतलाता है. यह इतना कुछ बोलता है और ऐसी धा-
घात बडबड करता है कि जिसकी कोई सीमा नहीं. विद्वान
लोग तो यह देख इसको बच्चा समझते हैं. हमसे भी पह-
ले ऐसी ही बडबड की. दूसरे दिन यहां भोजनादि करके
शामको यहांसे पैदल पहाडी चढकर 'पच्छाँसरा' गया.
आज यह शास्त्रीजी कुछ सीधा हो गया था. हमने
इसको कुछ झाडा था. हमको कहता था कि मुझे पुत्र वंश
पढाओ. इसका नाम सोमदत्त है. यह जि. करनाल
'कौल' गांव के समीप के किसी ग्राम का है. इसका व्याह
हो चुका है. अस्तु. 'पच्छाँसरा' में एक रात रहे यहां एक राज
पूत के घर रोटी दाल खाकर रातभर सोया. दूसरे दिन
पैदल भटकते भटकते पहाडी रास्ते से ८-९ मील चक्कर
लगाकर 'खट्टी' आया. इस 'खट्टी' गांव में एक ही घर
कनैतों का है. इनका पुरोहित पं. भगवानदास यहां बैठा
था. इससे परिचय हुआ. इसके आग्रह से यहीं भो. कि-
या. यह बहुत अच्छा आदमी है. इसके साथ 'कौं' में
४ मील पैदल चलकर पहुंचा. यह जगह बहुत सुन्दर है.
पहाडी के चोटी पर एक मैदान है. यहां कोई गांव नहीं
है. यहां एक 'दुधाधारी' महात्मा की प्राचीन समाधी
है. पक्की ३-४ कोठरियां बनी है. नजदीक ही एक बडी
सुन्दर 'बावडी' भी है जिसमें पानी बारा महीने
चलता है. आसपास 'चील-कायफल' का अच्छा
खासा जंगल है. यह जगह 'सिरमौर स्टेट' में है. यहां
आजकल एक बूढा पहाडी कनैत सन्यासी रहता है.
यहां ११ दिन रात्री था. अपने हाथ बनाकर खाता था.
यहांसे एक महाराष्ट्र राजपूत सन्यासी के साथ २ मील
पैदल चलकर 'काठी' गांव पहुंचे. १ रात्री यहां रहे.

दूसरे दिन सुबह नाश्तादि करके यहांसे 'मामलो' गये.

पहाड़ीके ठीक शिखर पर एक पक्का प्राचीन मन्दिर है. यह एक
कासिद्ध पुरुषकी समाधी है. इसमें २-४३ आदमी रहनेके लि-
ये पर्याप्तस्थान है. पानी सिर्फ यहांसे बहुत दूर है. और
एकान्त तपस्याके लिये अच्छा है. मैं रात भी यहीं [illegible] है
दूसरे दिन पुन: 'रौंथा' होकरके बड़ी मुश्किलसे बहुत दूर जा
कर रहनेपर 'स्वाना' होकरके. कुटीमें रात आज [illegible] टीलाराई
हमें दोनोंने रखा है. थाली पत्थर, तवा पत्थर, चावलके लिये
एक फूटी पतीली थी. इसमें पहले दाल पकाकर फिर चावल पकाये.
इस भाईकी आसपास बहुत प्रशंसा है. कुछ [illegible] भी
प्राप्त है. माइनस्टोर की महारानी तक इसके पास आयुकी
पैरा रहना इसको पसन्द न होनेसे धामको यहांसे चल पड़ा.
इसने बहुत प्रेमसे व्यवहार किया. चलकर एक राधास्वामी
मत वाले एक ब्राह्मणके घर एकगांवमें ठहरा. इसके साथ
बड़ी सिरखपाई हुई. अपने हाथ भोजन बनाकर खाया. दूसरे दिन पैदल
चलकर यहांसे ~~[illegible]~~ 'नैनाटिकर' होकर एक वैष्णव साधुके
स्थानमें पहुंचा यहां एक रात्री. यह आदमी [illegible] वैष्णवसा-
धु [illegible] यह पाखण्डी है. रात कुछ नहीं खाया. दूसरे दिन पुन: पैदल
'रौंथा' होकर 'महतवाल' आया. यहां सदावर्तसे दाल आटा लेकर बनाया खा-
या. यहां सदावर्त पटिमालका है. फिर पैदल १४ मील चलकर एक गांव
में पहुंचा. यहां रातभर पड़ा था. 'गडखल' का तुलाराम ब्राह्मण यहां रहता
है. यह बड़ा ही धनी है. घरमें खानेतक नहीं पूछा. दूसरे दिन यहांसे पैदल
१४ मील चलकर 'आञ्जी' में एक सरस्वत ब्राह्मणकी दूकानमें रहा. क-
यहां भो. दूकानदारके लड़केका नाम हंसराज है. आज है-२५-११ थी.
यहांसे पैदल पहाड़ी रास्तेसे 'गडखल' गया. यहां पं-काशीराम "तुलारामका
भाई" एक मकानमें रहा. यह बहुत दुष्ट है. इसका लड़का भी अच्छा नहीं.
रातभर रहा. दूसरे दिन काशीरामके एक नौकरने अपनी तरफसे दूध दु-
धा पिलाया. फिर इसने कसौलीके एक दूकानदारके नाम एक चिट्ठी लिखकी
थी. यहांसे पैदल कसौली गया. यहां उस दूकानदारने रसोई भी रात बना
[illegible] था. दूसरे दिन पैदल कसौलीसे 'कालका' यहां स्ता-
[illegible] मिठाई खाकर (=) [illegible] मोटरसे 'चात्ताचण्डी' आ-
या. यहां [illegible] पुराना था. यहां [illegible] खेला.
११ रु. हारदिये. फिर १५ रु. एक तेरपाकरके दिया था. पर दूसरे
वह भी तोड़ी था. फिर तो तेहसे पैदल 'शिवाई' आया १० मील
रातभर यहां एक मन्दिरके बाहर सोया था. [illegible] बहुत पड़ी थी.

13

यहां अपने हाथ बनाकर व जमान खाकर सन्यासी के साथ 'डाडी' गये. यहां यह सन्यासी रहता है. ये सब कनैतों के गांव हैं. यहां ३ दिन रहा. भो. अपने हाथ बनाकर खाता था. और उस सन्यासी को भी खिलाता था. यहां से फिर पैदल ४ मील 'कों' गया. यहां कोई था नहीं इसलिये उसी समय पैदल यहां से ११ मील 'कन्धोल' में गया. यहां एक महात्मा से जान पहचान हुई. यह सन्यासी गौड ब्राह्मण शरीर का है. यह जि. अम्बाला 'स्याडवा' के पास 'मामरी' में रहता है. इसका नाम 'करोडीगिरि' है. यह एक बडा ही अच्छा हकीम है. इस के साथ बडा ही प्रेम हुआ था. 'कन्धोल' यह भी कनैतों का गांव है २ घर हैं. यहां के 'चूरासिंग' कनैत के साथ 'ब्रह्मचारी के बाग' में पैदल ५ मील चल के गये. ^यहां १ रात्री रहा इसने^ १ लोटा चूरासिंग के पास रखा दिया. १ रात्री ब्रह्मचारी के बाग में रहे. यह जगह भी बहुत अच्छी है. आजकल यहां एक बंगाली सन्यासी कड़का बहुत थोड़ा उमर का २० वर्ष का रहता है. दूसरे दिन चूरासिंग अपने घर चला गया. हम यहां शौचादि कर के सन्यासी से सीधा सामान ले करके रसोई पका ही रहे थे कि इतने में 'भदराशु कोटि' पर रहने वाला एक साधु यहां आया. मैं इससे मिलने के लिये ही 'कन्धोल' से चला था. यह साधु ब्राह्मण है. कुमायूं का ब्राह्मण जोशी खानदान का है. संस्कृत पढा लिखा है. यह कुछ अभ्यास भी करता है. फिर यहां खा पीकर शाम को पहाडी रास्ता पैदल चलकर इसके साथ 'भदराशु खकारी' इसके स्थान पर गये. भो. इसने भी हमारे साथ किया था. रास्ते में एक गांव में सन्यासी के साथ खाया था. रात भर यहां इसके पास कुटी में सोये रहे. बातचीत बहुत हुई. यह अच्छा है. यह स्थान एक बहुत ऊंची पहाड पर है. यहां हवा इतनी जोर से चलती है कि कि कुछ ठिकाना नहीं. हमको तो यहां बहुत सर्दी लगने लगी. यहां से पानी बहुत ही दूर है. यहां चीलों का अन्धकार जङ्गल है.

दर्शन किये. रात भर एक कारेस-चुंगी के मुनशी पं. 'उदयराम' के पास रहे.
रात रोटी पकाकर हमने खाई. दूसरे दिन भगवती की पूजा की ।।
यो नागरी का चमना. गोलों कर्णवास में मिलाया. आज अपने हा-
थ रसोई बनाखाई. उदयराम ने भी खाया. रात भर यहीं रहे. गर्मी
बहुत सख्त है. इस तरह २ रात्री यहां रहकर तीसरे दिन सुबः
यहां से पैदल 'बिंजलपुर' कोई १८ मील आया. रास्ते में 'स-
हौरा' कस्बा आये [illegible] १। सेर खरबूजा भाव [illegible] खाया था. 'बिंजलपु-
र' में एक ब्राह्मण के घर रात रोटी खाई थी. फिर एक राजपूत के
चौरे की पर सोया था. दूसरे दिन सुबः चलासो पैदल-१० मील
'बराड़ा' रेलवे स्टेशन पहुंचा रास्ते में एक गांव में एक मन्दिर में
एक कुल्लम साधु ने सत्तू खिलाया फिर एक बनिये ने पराठे साग
खिलाया. 'बराड़ा' पर रात १०॥ बजे के गाड़ी से १ रु. ॥= टि-
कट लेकर 'हरिद्वार' गया. 'बिंजलपुर में एक भाषा सा-
करहता है. पर यहां मिला नहीं. दूसरे दिन सुबः 'हरिद्वार' प-
हुंचा यहां स्नानादि करके मिठाई खाकर रात भर
भीमगोड़े से ऊपर एक 'सिंधदेश' से आये एक स्वामी
कमरे में सोये थे. यहां एक उदासी साधु मिला था. इसके सो-
हबत से विचार बुरे हुए. दूसरे दिन सुबः चलकर ७ मील
सत्य नारायण मन्दिर में ठहरे यहां रात भर रहे. फिर यहां से
उसके दूसरे दिन पैदल 'हृषीकेश' पहुंचा यहां ४ दिन था.
'गङ्गादशहरा' 'निर्जला' एकादशी यहीं हुई. यहां एक ब्राह्मण रो-
टियां देता था. (रूपे. २५. ११ एकादशी सं. १९८६) यहां एक 'शिवालय'
बना था. यहां एक संन्यासी जो पहले देहली मिला था. मिला.
यह बहुत खराब है. इसने हमारा कम्बल आदि भी कवाकर रुपये
खा गया. और फिर गुड़ा भज्जन करने को तयार हो गया. बड़े
मुश्किल से जान छूटी. 'सत्य नारायण' में डोरी लोटा भूल गया
था. सो रास्ता समय लौटा तक मिला नहीं. हृषीकेश से पैदल
'लक्ष्मणझूला' भी गया था. एकादशी शाम को पैदल सत्यना-
रायण आया ।) मिठाई खाई. दूसरे दिन हरिद्वार आये पैद-
ल. यहां 'भीमगोड़े' पर पञ्जाबी क्षेत्र में वहां के पुजारी
'नारायणाचार्य' के पास ठहरा इसी के पास दो तीन समय
भो. [illegible] नियमानुसार

एक ब्राह्मणने दालरोटी भेजी थी. दूसरे दिन पुनः यहांसे पैदल चला सो
'खकोक' में एक कनैत के पास लस्सी सजवाया. फिर जल तेपैरों से
तीन कोस के होकर 'क्यो' पहुंचा यहां कोई था नहीं. इस कारण यहां से
१२
१॥ मील नीचे 'भाकली' आया. यहां आसाराम "नेत्रासिंग" कनैत के
घर रहा. ८ दिन कुआबाड़ी से भाकली इस रास्ते १४ पड़ी. भाकली से
४ मील 'भुरवड' एक दिन गया था. यहां पं. भगवान दास के घर रहा
फिर नवमें दिन पुनः नेत्रासिंग के भतीजे भाई के साथ पैदल यहां से होरलो
७ मील गया. हारलो में एक गांव में अपने हाथ बनाकर खाया. भाकली
अपने हाथ बनाकर खाता था. नेत्रासिंग की स्त्री ने १ रु. और एक कम्बल
माल दिया था. भाकली में बड़ा प्रेम करते थे. इधर के लोग प्रायः साधु
सेवी हैं. *होरलो' में एक बैरागी के पास. यह बैरागी कांगडा सुवी
डर' का है. बैरागी को चरस पीता है. और तबले बड़ा बजाता है. सुन्दर
सितार बजाता है. हमको कहता था फिर मेरे पास रहो तुम को रामायन
सिखाऊंगा. दवाई भी सिखाऊंगा. गौवें चराया करो रसोई बनाया-
करो. हमको बड़ी हंसी आती थी. जाने नहीं देता था. हाथ पकड़ कर
बैठता था. यहां पानी की तंगी है. पर है अच्छा पानी. यहां से पैदल
'सम्बलौठा' गया. सम्बलौठा 'से नीचे १॥ मील एक गांव में रात भर
रहा. दूसरे दिन सं. १९८६ ज्ये. कृ. ८ थी. आज पुनः 'सम्बलौ-
ठा' गया. यह जगह पहाड़ के एक टिब्बे पर है यहां एक देवी का मन्दिर
है आसपास गौड ब्राह्मण पुजारियों के १०-१२ घर हैं. कोई बसे हैं
कोई उजाड़ हैं. यह जो यहां किसी जमाने में किला भी था ऐसा मालूम
होता है. यहां मन्दिर में 'दुर्गापाठ' किया. एक नारियल गीरी
का गोला चढ़ाया. यह गोला 'कर्णवास' के गायत्री पुरश्चरण में
मिला था. यहां एक पुजारी के आग्रह से भात बनाकर खाया. रात
भर निवास यहीं. दूसरे दिन यहां से १॥ मील नीचे गया था वहां
यहां का पुजारी पं. आसाराम मिला इससे परिचय हुआ. इसके
आग्रह से जन्मपत्रीयां देखीं फिर इसने आग्रह कर के ऊपर लाया
आज भी. अपने हाथ बनाकर खाया आसाराम के घर. रात निवास
यहीं. आज पं. राधेकृष्ण' अपने जजमानों से आया इससे परिचय
हुआ इसकी भी जन्मपत्रीयां देखीं. इसने बड़े आग्रह से रखा
था. फिर यहां कुल ९ दिन तक था. इसमें एक दिन पं. रामला
ल के घर भोजन किया था. पर रोज दोनों समय भो. राधेकृष्ण के घर
स्थान बहुत अच्छा है पर पानी नहीं २॥ मील नीचे जाना पड़ता
है. [illegible]

बजालोकपुर' आया यहां 'बालात्रिपुरा' भगवती के

पारण यहीं. यहां 'ग्राम सिलोत्र' बनाया था. दूसरे दिन भी यहां दोनो
समय भो. तथा निवास नारायणाचार्य के पास. ज्ये. शु. १५ को
यहीं से कनखल होकर चण्डी पहाड गया. यहां दर्शन करके एक
कानपुर के यात्री ब्राह्मण के साथ, ये चनेगुड़ खाकर गौरीशंकर मन्दिर
गये. यहां शाम को रोटी एक बैरागी के पास खाई. १५, १, द्वितीया
तक यहां रहे. द्वितीया को सुबः कनखल होता शाम पहुंचा.
यहां भोजन करके रातभर ~~दशेश्वरघाट पर रहे~~ ज्वालापुर
पैदल गया [illegible] यहां रातभर रहा एक धर्मशाला में. दूसरे
दिन सुबः कनखल फिर आया. दिनभर दशेश्वरघाट पर था.
रात को रजमल के धर्मशाला में एक मेते जट के पास भो. करके
दशेश्वरघाट पर सोया. यहां एक ब्रह्मचारी के साथ परिचय
हुआ यह मसिह का गौड़ ब्राह्मण है. चतुर्थी को सुबः ज्वाला
पुर पैदल गये साथ ब्रह्मचारी था. यहां एक लोहार बनिये ने
सत्कार किया था. कुछ आम लाये थे. दोनो ने खाकर एक मन्दिर
में सोये थे. यहां एक दण्डीस्वामी के पैर रगडाये थे. दूसरे दिन
सुबः ५ को १८ मील पैदल 'रुड़की' गये. यहां स्नानादि गङ्गा
के नहर पर करके रोटी दाल बनाकर खाकर मन्दिर के बाहर
सोये. सीधासामान एक औदीच्य ब्राह्मण ने पास से दिया था.
दूसरे दिन 'भगवानपुर' ५ मील पैदल गये. यहां एक मन्दिर
में अपने हाथ रोटी बनाई खाई. सीधासामान एक ब्राह्मण
ने लाया था. इसकी जन्मपत्री देखी थी. यहां एक मन्दिर में उदि
न था. एक दिन एक सेठ ने दोनो समय भो. भेजा था. एक दि
न एक ब्राह्मण ने खिलाया था. तीसरे दिन शाम को पैद
ल ५ मील 'भौली' पहुंचा. यहां एक मन्दिर में नाथ के
पास ठहरा था. यहां २ दिन था यहां एक ब्रह्मचारी के बहु
त प्रश्न नाम हम को साथ ले जाना चाहे, मगर फिर उसके तीसे
दिन 'भगवानपुर' गये यहां एक बनिये के घर भो. किया
रातभर एक मन्दिर में रहा वह ब्रह्मचारी आया नहीं. फिर
दूसरे दिन पैदल १२ मील आया. कृ. १२ को 'बेड़ेआ' पहुं-
चा. यहां आया [illegible]

यह गांव साहारनपुर से ८ मील पर है. यहां मैं 'छज्जूराम सिंह' गौड़ब्राह्मण के घर ११ दिन था. यह बहुत कंजूस है. इसका लड़का 'अनन्तराम' है. चलते वक्त एक रू. इसने दे पाया था. यहां भरतसिंह नामका एक राजपूत बड़ा भारी जिमींदार है. इसने एक दिन निमन्त्रण दिया था. इसने एक आदमी भोजन कराकर १ मुं गोद्दा और १रु. दिया था. इसके भाई सब आर्यसमाजी हैं. यहां एक दिन गुरुकुल कांगड़ी का टीचर पं. रामदत्त जो कि इस गांव का रहने वाला है, हरनाम सिंह के यहां आया था मुझसे शास्त्रार्थ हुआ. हारकर भी हठ करता था. यहां एक वैश्य से भी परिचय हुआ था. यहां साधुओं से भी परिचय हुआ था. 'एक गोविंदपुरी और दूसरा नाम मालूम नहीं' आया था. ५.६ को यहां से (नेहड़ा से) पैदल 'सहारनपुर' आया. यहां एक मन्दिर में रातभर रहा एक ब्राह्मण ने मिठाई पूरी खिलाई. दूसरे दिन पुनः यहां से पैदल २२ मील 'अम्बेहटापुर' पहुंचा यहां नहर (यमुना) के पास एक मन्दिर में एक वैरागी के पास रोटी खाई. दूसरे दिन ३ मील चलकर 'जंगाधरी' गया. एक मन्दिर पर रहा एक सन्यासी ने खिलाया २ रात्री यहां था. फिर तीसरे दिन यहां से पैदल ६ मील चलकर एक गांव में एक सन्यासी के पास रात भर रहा था. दूसरे दिन शाम को 'जगाधरी' पैदल पहुंचा. यहां एक ब्राह्मण दुकानदार के आग्रह से इसके दुकान पर रहा यह बहुत शराब पीकर मस्त हो कर इसको जबरदस्ती भंग पिलाने के लिये कुछ एम मांगने लगा था. आखिर भंग पी. मैं बहुत डर गया. रात को इस की आंख बचा भाग कर एक मन्दिर में जा ...

१९ आजसुबः यहांसे पैदल 'बराड़ा' आया. यहांसे टिकट-
कट रेलसे 'अम्बाला छावनी' आया यहां एक
धर्मशाले के बाहर छप्पर में सोया था. दूसरे दिन सुबः पैदल चलकर
(१० मील) अम्बाला शहर में आया. रास्ते भर बरसात से भीगा गया
था. यहां कुरुक्षेत्र का टिकट पैदल १६ मील 'राजपुरा' आये
आजप्रदोषथा।) मेरा ईद व एक ब्राह्मण और एक मिस्त्री
से साथ था. इसको भी दिया. यहां एक मन्दिर में सोये।
दूसरे दिन पैदल १६ मील 'सरहिन्द' पैदल आये वह ब्राह्म-
णपीछे रह गया. यहां से टिकट कट रेल में बैठकर
'कुराली' पहुंचा. आज आषा. शु. १४ अग्रदशी थी
यहां 'गुलांहयाणा' गया यहां रात को पीर खाई. रातभर य-
हां रहा. दूसरे दिन आषा. शु. १५ को तो समय हो ये गुलांह
याणे खाई. यहां महन्त 'सन्ध्यागीरी' है. राजपूत है. यह
महाकृपण है. लंगड़ा है. इसके चेले भी मनगीरी और बाल
भद्रागिरी भी अच्छे नहीं हैं. जबरदस्ती तमाशा आदि
काम करता रहा. श्रा. कृ. १ प्राते. आज दोनों समय भो-
गुंसाइयाणा में. यहां आज यहां गज्यो। तीयों पं. मुकुन्द
वल्लभ मिश्र आया था इससे वाकिफियत हुई. इसके पास भी
गया था. श्रा. कृ. २ दि. आज गुलाहयाणे में भो. कर
के पं. मुकुन्द वल्लभ के पास गया सो। फिर उसी के पास
रहा. (श्रा. शु. ५ दि. बु. १९८६) तक इसके पास रहा।

- १ गोपालभट्ट
  - २ रामभट्ट
    - ३ अनन्तरामभट्ट
      - ५ गोपीनाथभट्ट
      - ६ गोपालभट्ट
        - ७ रामकृष्ण (बालकृष्ण) शास्त्री
          - ८ गङ्गाधरभट्ट
          - ९ वैद्यनाथशास्त्री
            - १२ मयूरभट्ट
              - १४ जगन्नाथभट्ट
              - १५ कृष्ण
            - १३ श्रीकृष्णशास्त्री
              - १६ वैद्यनाथशास्त्री
              - १७ रामचन्द्र
          - १० वामनशास्त्री
          - ११ रघुनाथशास्त्री
    - ४ बालभट्ट

३ – पत्नी 'रमा'
६ – पत्नी 'कमला'
७ – पत्नी 'रुक्मिणी'
८ – "
९ – " 'रमा'
१० – " 'कमला'
१२ – " 'सरस्वती'
१३ – पत्नी { १ 'राधा' ; २ रुक्मिणी }

१४ – पत्नी 'लक्ष्मीवती'
१६ – पत्नी 'रतिलवती'

26-6-39 to 13-7-40

जीवन का चरित

श्री:

वि·सं·१९९६ शा·श·१८६१ ई·स·१९३९ स्व·ज·ग· ३६ व·३७

मास १

(आषा·शु·१० सो·२६-६-३९ से अधि·श्रा·शु·९ मं·२५-७-३९ तक)

(आषा·शु·१० – आज सुबः 'अमृताजी' से 'चामुंडा' गया। वहां पं· बदरीदत्त शर्मा अवस्थी के छोटे पुत्र श्यामी शर्मा का उपनयन संस्कार था। हमने भोजन नहीं किया। शाम को उनके साथ उनके घर (शोर्यठाणा) चले गये।

आज हमारा जन्मदिन था। ३००० महामृत्युंजय जप ब्राह्मणों से यहीं (चामुंडा में) कराया। ३रु·≡) दक्षिणा ३ ब्राह्मणों को दी।।) चामुंडा ।। नक्कि के खर्च। ३ रात्री तंगलोटी में पं·गोपाराम के घर भी रहे।

श्रा·कृ·७ ता· ९-७-३९ तक बदरीदत्तजी के पास रहकर मास्टर पं·चरण दास के साथ समलोटी चले गये।।)।। कुमार शर्मा को।-) दान।

श्रा·अधि·श्रा·शु·९ मं·२५-७-३९ तक पं·चरणदास के घर भो· तथा निवास। साथ स्वामी (सदाशिव चैतन्यजी) थे।।।। नाई।

।। चि·शुक्ला (चरणदास की लड़की) को दिया।

समलोटी का पानी खराब है। आय ० व्यय ३रु·।≡)।।।

सहस्त्रनाम पाठ ९० हुए। छुपने की पीड़ा अभी शान्त नहीं हुई। १ बार देऊ महाजनी के भो· किया था।

पहले सहस्त्रनाम पाठ—
२०१८ + ९० = २१०८

२०१९ + ९० = २१०९

श्रीः

(वि. सं. १९९७ श्रा. शु. १८६२ ई. स. १९४० ख. ज. ग. ३७ व. ३८)

मास १

(आषा. शु. १० र. १४-७-४० से श्रा. शु. ८ ह. ११-८-४० तक)

(आषा. शु. १० रवि. १४-७-४० — आज हमारा जन्मदिनोत्सव यहीं (श्री हनुमान्निवास खड़िआला बघाट राज्य) मनाया गया। यहां आज राजासाहब, जजसाहब, नाभा के सरदार जगजीतसिंह जी आदि कई आदमी आये थे ३०।४० आदमी ने रोटी खाई। मेरा सिर्फ ।।।)≡) खर्च बाकी सब ला. ऋषिराम (सपाटू) और जजसाहब (सोलन) का खर्च। राजासाहब की प्रार्थना से आज भोज चला गया। राजासाहब की कोठी में निवास।

यहां (बघोच में) २९ रात्री निवास। भोजनादि सब प्रबन्ध श्री राजा साहिब व श्री शेखन जजसाहिब की ओर से है। १ नौकर रसोई आदि के लिये मेरे पास है।

इस महीने में यहां (बघोच में) श्री १०५ राजमाता (सिरमौरी), श्री १०५ रानी साहिबा ([illegible]), श्री कुमार [illegible] जी, श्री मान जजसाहिब राव जी श्री गिरिधारीशरण सिंह जी (भरतपुर) सरदार जगजीतसिंह (नाभा) ये सब मिलकर आये। इनने आषा. शु. १५ सु. से योगवासिष्ठ (लघु) की कथा प्रारम्भ करा रखी है। ८।१० आदमी सुनते हैं। २०) रु. ला. ऋषिराम भी मिला था। विलायत श्री [illegible] ने [illegible] भेजा है। २ धोतियां १ अंगोछा उन्होंने भेजा है। १ कंबल १ [illegible] राजासाहब ने भेजा है। फल भी आते हैं। प्रबन्ध ठीक है। हमारी रसोई में ३।४ आदमी रोज मेरे सिवा भोजन करते हैं।

आय ० व्यय ०। सह. नाम पाठ ८७। पहले सह. ना. पा. ३०९०। सब मिलकर स. ना. पा. ३१७७। घुटने की पीड़ा शान्त नहीं हुई। वैसे शरीर अच्छा है। ला. ऋषिराम ने भांगेरी घृत व ब्राह्मरसायन भेजा है उसका सेवन कर रहा हूं।

यह बघोच बहुत दिन 'बघाट' राज्य की राजधानी रही किन्तु यहां अब यहां १ नई कोठी १ मंदिर (बहुत छोटा) २।२ पुराने मकान के सिवा कुछ नहीं। जलवायु बहुत अच्छी है। जंगल खूब है। यहां अजनगर (राजासाहब का) है। ३।४ नौकर रहते हैं।

श्री:

(वि.सं.१९९७ शा.श.१८६२ ई.स.१९४० स्व.ज.ग.३७ व.३८)

मास २य

(श्रा.शु.१० सोम १२-८-४० से भाद्र.शु.९ मंगल १०-९-४० तक)

यह महीना पूरा (३० दिन) बड़ोच में ही रहा। योगवाशिष्ठ (लघु) कथा २ प्रकरण पूरे करके बन्द करदी। भा.कृ.३० सोमवार को। इस महीने में २ बार राजासाहब मिलने आये थे। श्री ५ राऊजी, श्री सुमनारबा से यहां ~~[illegible]~~ आई थी व ७ दिन रही थी। सरदार जगजीत-सिंह (नाभा) व राजसाहब सालन भी मिलने आये थे। २ दिन राजोपाध्याय जी भी आकर ठहरे थे। मन श्री राजासाहब व जामसाहब की ओर से है। ला. किशन भी आया था। १५ दे गया। औषध भी रहा हूं। छूटने में पीड़ा आदि वैसी ही है। हमारा चित्र (फोटो) तयार होकर आगया है। सबठीक है।

आय १५। व्यय ०। सह.ना.पा. ९० पहले के सह.ना.पाठ — ३१७७ + ९० = ३२६७

भांगेरी घृत, ब्राह्मरसायन, रक्तशोधक अर्क, गुलकन्द सेवन कर रहा हूं।

~~प्रवि सं.~~ श्री:

(वि.सं.१९९७ शा.श.१८६२ ई.स.१९४० स्व.अ.ग.३७ना.३८)

मास ३५

(भा.शु.१० बुध ११-९-४० से आश्वि.शु.९ बुध ९-१०-४० तक)

यह महीना (२९ दिन) बहोच में ही रहा। राजासाहब, गजसाहब, श्री लाडोजी, सुमनाखवासजी सब मिलने आये थे। सुमना, व लाडोजी कई दिन यहां ठहरी थीं। स्वामी नारायण गिरि जी प्रायः प्रतिदिन आते रहे। भा.शु.१४ रवि. (अनन्त चतुर्दशी) को श्री१०८ राजासाहब बहादुर का जन्मदिन था। उत्सव में मैं भी सोलन गया था। रात ५ घंटे सोलन ठहरा था। पं. हरदेव को सोलन से बहोच ले आया था। वह रात वहीं चमेरह कर सुब. सोलन चला गया। व्याकरण महाभाष्य कैयट विवरण, नागेशोद्योत मेरे लिये राजासाहब ने मंगा दिया है। १ रात नेकराम रसोइया के गांव (शामरी) में उसके साथ गया था और रहा था। १ रात सुबाथू ~~मीरा~~ भिवराम के रहा था। आता जाता पैदल। घुटने में दर्द वैसा ही रहा।

आय० । व्यय० । सह.ना.पा. ८७ पहले के सह.ना.पाठ —

३२६७+८७=३३५४

चांगेरी घृत, ब्राह्मरसायन, रक्तशोधक अर्क, गुग्गुलु सेवन कर रहा हूं।

श्रीः

(वि.सं.१९९७ शा.श.१८६२ ई.स.१९४० स्वज.ग.३७ व.३८)

मास ४र्थ

(आश्वि.शु.१० बृह.१०-१०-४० से का.शु.९ शुक्र ८-११-४० तक)

आश्वि.शु.१० (विजयादशमी) – आज भोजनादि करके शाम सोलन गया। साथ में सुमताखवास, श्री १०५ पाऊँजी, जज श्री शिवसिंह जी थे। १ रात आर्ज सोलन रहा। राजमाता आदि सब मिले। मैं पाठशाला के पास कमरे में ठहराया। १०(दस) रु. सुमताखवास ने दिये।

आश्वि.शु.११ शुक्र – आज जजसाहब के यहां भोजन करके ९ बजे कार से अम्बाला छावनी चला गया। राजासाहब मिलते आये थे। ३० रु (तीस) दिये। छावनी से इन्टरक्लास टिकट से रेलगाड़ी से 'राजपुरा' गया। जज साहब इसी गाड़ी में चलकर 'बराड़ा' गये। राजपुरा ५ घंटे ठहरकर 'कुराली' गया। साथ पं. नन्दलाल शास्त्री (सेरासेरी) था। रेल किराया पं. गौरीनन्द ने दिया था। २ रात पं. हरदेव के पास रहा। रविवार को फिर शाम राजपुरा आया। शास्त्री ने १ रु. दिया। १ रात रहकर शास्त्री चला गया। २ रात्री राजपुरा रहकर फिर 'कुराली' आया। रेल टिकट गौरीनन्द ने दिया। फिर कई दिन कुराली रहकर ब्रह्मपुर गया वहां ~~२० दिन रहा~~ कई दिन रहा। का.कृ.४ र. – पं. हरदेव को पं. मुकुन्दवल्लभ से स्वतन्त्र किया।

करवाचतुर्थी को २ रु. पं. हरदेव की स्त्री ने दिये। औषधि सेवन सब बन्द कर दिया। =) नाई -) कुंवारी।

आय ४३ रु. | व्यय =) | सह.ना.पा. ९० | पहले के सह.ना.पाठ ३३५४+९०=३४४४

श्री:

(वि.सं. १९९७ शा.श. १८६२ ई.स. १९४० स्वज.ग. ३७ व. ३८)

मास ५ म

(का.शु. १० शनि ९-११-४० से मार्ग.शु. ९ रवि. ८-१२-४० तक)

इस मासमें कुछ दिन 'बहरामपुर', 'सुहाना', 'कुरौली', ~~रहा~~ | 'राजपुरा' रहा | पं. हरदेव शर्मा ने 'कुरौली' छोड़ दी है | वह कुछ समय 'राजपुरा' रहेगा | उज्जैन के पं. सूर्यनारायणजी के छोटे भाई पं. चन्द्रशेखर (चैतन्यानन्द) जी 'कुरौली' आये थे ३ दिन रहे | इनसे परिचय हुआ | आदमी अच्छा है | ये अमृतसर चले गये | बादमें ये 'राजपुरा' में हरदेव के पास साथ रहे | सुहानामें सरदार अर्जुनसिंह के कोठीमें ठहरा था | अर्जुनसिंह बीमार है | इसके लिये मृत्युंजय जपानुष्ठान ब्राह्मण द्वारा प्रारम्भ करवाया | यहीं पर हमसे मिलने के लिये राजमाता (सिरमौरी) व धारमेर, जज शिवसिंहजी व श्री १०५ भाउजी (राजासाहब की भाभी) व राजोपाध्याय, ये सब आये थे | ७ दिन ठहरे थे | (मार्ग शु. २ रवि. ८ को ये सब सोलन चले गये | मैं १ रात मनीमाजरे रहा | वहां से रोपड़ गया ॥) जाटी | रोपड़ में १ रात बाबू हरिराम के घर में ठहरा | इसने नया मकान बनाया है | मकान का नाम आनन्द निवास रक्खा है | वहां से 'राजपुरा' रेल से आया | १ रु. रेलकिराया | मनीमाजरे में १ रु. वैद्य वरनाथ वैद्य ने दिया था | वहां भो. जनार्दन के घर |

आय १ रु. | व्यय १ रु. ॥) | स.ना.पा. ९० | ~~पहलेकेसह.~~

पहलेके सह. ना. पा.—

३४४४ + ९० =

३५३४

श्री

(वि.सं.१९९७ शा.श.१८६२ ई.स.१९४० स्व.ज.ग.३७ व.३८)

मास ६४

(मार्ग शु.१० सोम ९-१२-४० से पौष शु.९ मं. ७-१-१९४१ तक)

पौ.कृ.१८ को 'राजपुरा' से 'देहली' २रु.।-) का टिकट लेकर ८॥ बजे रात पहुंचा। साथ पं. हरदेव शर्मा, महात्मा चन्द्रशेखर जी, व भाई रामसिंह थे। देहली में 'रामसिंह' गुरुद्वारे चला गया। हम तीनों पं. जनार्दन शर्मा (मन्त्री-[illegible]) के पास अजमेरीगेट में १ रात रहे। दूसरे दिन चन्द्रशेखर जी व हरदेव पुनः ही 'नयी दिल्ली' चले गये। मैं जनार्दन के पास भोजन अपने हाथ से बनाकर खाकर नयी दिल्ली चला गया चन्द्रशेखर जी के आग्रह से 'सस्ता साहित्य मण्डल में' मार्तण्ड उपाध्याय, व महादेवशर्मा जोशी के पास ठहरे थे। ५ रात्री वहां रहे। शुक्र को चन्द्रशेखर जी अलीगढ़ चले गये। मैं पं. जनार्दन के पास चला गया। पं. हरदेव बृहस्पती को ही गुजरांवाला चला गया। 'मार्तण्ड' व जोशी का व्यवहार बहुत अच्छा था। २ रात्री फिर पं. जनार्दन के रह कर (अष्ट. रवि) भरतपुर रेल से चला गया (२रु.।॥) रेल किराया लगा। भरतपुर स्टेशन पर पं. धर्मदेव व पं. मनोहर आये थे। भरतपुर में पं. गोविन्द मिश्र के घर ठहरा था। शेष सारा महीना पं. गोविन्द के घर भरतपुर में रहा। यहां कई आदमी मिलने आया करते थे (!) मन्दिरों में।

आय ०। व्यय ५रु.।-) । सह.ना.पा. ९० / पहले के सह.ना.पाठ—

३५३८+९०=

३६२८

श्री

(वि.सं.१९९७ शा.श.१८६२ ई.स.१९४१ स्व.ज.ग.३७ व.३८)

मास ७म

(पौ.शु.१० बुध ८-१-४१ से माघ शु.९ बुध ५-२-४१ तक)

इस मास में ९ रात्रि 'गोवर्धन' में रहे। साथ पं.गोविन्द की माता व पं.मनोहरलाल सेवा के लिये थे। रावजी की कुंज में ठहरे थे। प्रबन्ध सब रावजी की ओर से था। भरतपुर से रावजी की कार से 'गोवर्धन' गया और 'गोवर्धन' से 'भरतपुर' भी रावजी की कार से ही गया था। माघ कृ.३० सो.(सोमवती) के स्नान को 'अनूपशहर' (गंगा) गया था। १ रात 'अलीगढ़' 'पं.यादवनाथ शुक्ल' के घर ठहरे थे। साथ गोविन्द, धनेश, मनोहर, बालबिहारी, मदनलाल, गायत्रीप्रसाद, थे। अलीगढ़ से अनूपशहर तक पं.यादवनाथ का लड़का विष्णुशर्मा भी था। रावजी की कार से गया था। ड्राइवर रामजीलाल था। ४ रात्रि वृन्दावन में रावजी के पास (किशोरीमोहन में) ठहरा था। एक दिन 'गोकुल' भी गया था। बाकी सारा महीना भरतपुर में पं.गोविन्द के घर में। भोजनादि सब प्रबन्ध रावजी की ओर से था। बाकी सब सेवा पं.गोविन्द की ओर से। गोविन्द के कारण ही रावजी ने सब प्रबन्ध किया था। 'गोवर्धन' में ९ रात्रि रहा किन्तु सोया एक रात भी नहीं। वहां हमारे साथ अजीब घटनाएं हुईं। कबन्ध प्रेत शरण आया उसका उद्धार। कनखजूरे व सांपों की योनि में प्रेतों का उद्धार। ३ स्कन्ध भागवत पाठ। यहां एक साधु 'बाबा सुखानन्द' है यह अपने आप को २५० वर्ष अवस्था का जतलाया करता है। इसके पास कश्मीरी पंडित अधिक आते हैं। झूठ बहुत बोलता है। गप्पें बहुत मारता है। हमारे साथ यों ही द्वेष करने लगा है। महात्मा जानता कहीं कायलें की किन्तु पता कुछ नहीं। भाई रामसिंह गोवर्धन में ४ रात्रि रहकर 'नासिक' चला गया। इसको दस रुपये मैंने दिये

आय ०। व्यय १०६.। सह.ना.पा. ८७। पहले के सह.ना.पाठ —
३६२४+८७=
३७११

श्री:

(वि.सं.१९९७ शा.शा.१८६२ ई.स.१९४१ स्व.जन्म.३७ व.३८)

मास ८म

(माघ शु.१० बृह. ६-२-४१ से फा.शु.९ शुक ७-३-४१ तक)

माघ शु.१३ सो. - आज सुबः नित्यकृत्य करके भरतपुर से वृन्दावन पहुँचा। रावजी के पास भो. करके मथुरा उनके साथ कार से आकर तुमाइश देखकर रेल से दिल्ली रात ८॥ बजे पहुँचा। भरतपुर से मथुरा तक पं.गोविन्द, पं.मनोहर, पं.बालेबिहारी आये थे। रेल का टिकट गोविन्दजी ने ही हमारा किया था वृन्दावन भी सब साथ थे। मथुरा से दिल्ली तक टिकट २रु.=) रावजी ने दिये। रावजी, धनेश, सुरवराम भी मथुरा स्टेशन गाडी पर चढ़ाने आये थे। १ रात दिल्ली में ला. गायत्री के पास ठहरा था दूसरे दिन केवल फल खाकर शाम की गाड़ी से २रु.।-) टिकट लेकर राजपुरा रात ११॥ बजे पहुँचा। वहाँ हरदेव के पास ठहरा। =) किये। अनन्तर इस मास में - १ रात सोलन, २ रातें सुबाटू, १ रात मनीमाजरा, २ रातें सुहाना २ रातें बनाणा, ८ रातें राजपुरा बाकी सब अम्बाला में बिताईं। अम्बाला में सोलन से जजसाहब, उनकी माता, सुमतारवासनी सब मिलने आये थे। =) नाई सुबाटू में।

२१ रु. श्रीरावजी (भरतपुर) ने व १ रु. पं.मनोहर ने। १ रु. सौ ला.केदारनाथ ने व २ रु. श्रीमती ... ने दिये।

आय २२रु.। =)॥ व्यय। सह.ना.पा.९०।

पहले के सह.ना.पा. -
३७११+९० =
३८०१

श्री:

(वि·सं·१९९७ फा·शु·१० शु·८-३-४१ से चै·शु·९ रवि·६-४-४१ तक)

(वि·सं·१९९७ शा·श·१८६२ ई·स·१९४१ स्व·ज·ग·३७ व·३८)

मास १म

(फा·शु·१० शु·—आज अम्बालामें जजसाहबके पास भो·करके 'राजपुरा' गाडी(रेल) से गया। हमारे, रेल किराया सब जजसाहबका। १० रु· श्रीचरणजी-जीने, श्रीसुमनाजीने ५ रु· दिये थे। ६ रात्री राजपुरामें पं·हरदेवजीके पास बिताये =) हजामत।

(चै·कृ·१ शु·—'राजपुरामें' भोजनकरके पं·हरदेवको साथ लेकर श्री हरिद्वारजी गये शामको ४ बजे हरिद्वार पहुंचे। अम्बालासे रौनकराम ज्यो· व रामचन्द्र वैद्य भी हो गये थे। यहां ३ रात्री रहे। ९ रु· इनको (रौनक, रामचन्द्र, हरदेव) दिये। १ रु॥। स्नाने पीने में।

(चै·कृ·४ सो·—आज हरिद्वारमें भो·करके रेलसे अमृतसर रवाना। ४ रु·॥) टिकिट अमृतसरतक। रात रेलमें बिताई।

(चै·कृ·६ मं·—आजसुबः ४॥ बजे अमृतसर पहुंचा। पं·मनोतीशंकरके पास भो·निवास करके रात की गाडीसे ज्वालामुखी रवाना टिकिट २ रु·॥।) अमृतसर में बड़ा भारी कर्फ्यू आर्डर था किंतु मैं एक टीकागाड़ी लेकर २मील शहर में चला गया किंतु महामायाकी कृपासे मेरे ऊपर किसीकी दृष्टीही न पडी। =) केला।

(चै·कृ·७बु·—आज सुबः ८ बजे ज्वालामुखीमन्दिर पहुंच गया। यहां ला·रतनचन्द चौजड़के घर निवास। इसीने सबप्रबन्ध ठीक किया था। निवासस्थान ला·मेहरचन्दका मकान था २ नौकर रख दिये थे।·

✓नवरात्रीमें अम्बिकेश्वरमें सप्तशती का पाठ की थी। बाकी १९ दिन यहां ज्वालामुखीमें रहा। २५ रु· मनिआर्डरसे जजसाहबने भेजे थे। ॥) मन्दिरमें।

आय ४० रु·। व्यय १८ रु·॥) सह·ना·पा·१०।

पहलेके सहना·पा· ३८०१
१०

३८११

श्री:

(वि.सं.१९९८ शा.श.१८६३ ई.स.१९४१ स्व.ज.ग. ३७ व. ३८)

(वि.सं.१९९८ चै.शु.१० सोम से मास १० मास सं.१९९८ वै.शु.९ सोम ५-५-४१ तक)
७-४-४१

*(चै.शु.१० सोम — ज्वालामुखीमें ही रहा। आज उपनयन व शादीका दिन के २९ वर्ष पूरे होकर ३०वां लगा। आज से १ वर्ष पर्यन्त ज्वालामुखी पूजन के लिये ६रु. दिये हैं ला. रतनचन्दके पास। इसमासमें १३ रात्री यहां ज्वालामुखीमें रहा। प्रबन्ध सब प्रकार का रतनचन्दने किया था।

(वै.कृ.८रु. २०-४-४१ — आज यहां खाकर लारीसे 'ज्वालामुखीरोड' व वहां से रेलसे 'राजपुरा' रात ११ बजे पहुंचा (५रु. ।।।) इक्का ला. भागीरथ मल सूदने दिया था राजपुरा तक। १रु. मैंने ज्ञानचन्द (रसोइया) को दिया। १रु. मिठाई सबको मिठाई बांटी। =) हजामत =) धुलाई। =) को ले अमृतसर से शानपर। ५ रात्री 'राजपुरा' में हरदेवके पास रहा। -) हजामत।

(वै.कृ.१४ शु. — आज 'राजपुरा' में खाकर 'बहरामपुर' गया। ।।।=) टिकट रेलका। ला. सावणरामने ३९रु. कौलकको दिये।

(वै.कृ.३० शु. — आज यहां (बहरामपुरमें) खाकर मनीमाजरे गया साथ कर्मराम मिस्त्री व करतारामसुनार दोनों थे। १ रात मनीमाजरा रहे। ।।=) म.

(वै.शु.१ रवि. — आज बैजनाथ के भो. करके कालका गया। साथ २ करतारामव उ. गौरीशंकर थे। किराया गौरीशंकरने दिया। मनीमाजरेमें रात ला. रामकृष्णवैश्य के नये चौबारेमें थे। आज ही २रु. देकर कारसे 'सोलन' पहुंचा। यहां पाठशाला के सामने कमरेमें ठहरा हूं। भो. श्री. कुंवर हिरनसिंह जी के यहां। इसमहीनेमें ५ रात्री सोलनमें ही रहा। श्री १०५ लाडोजीने ३ कमीजें सिलाई हैं। २ धोतियां भी लाई हैं। श्री १०५ राजासाहब भी एक दिन मिलने आये थे। राजमाता (सिरमौरी) की कोठीपर नहीं गया। अब तो यहां पं. हरदेवजी भी सपत्नीक आगये हैं। इनका भोजनादि प्रबन्ध करादिया है।

आय ३९रु. । व्यय १२रु. ।।।) । सह.ना.पा. ८७ । पहले के स.ना.पा. ३८९१+८७

यह मास भी अच्छा ही बीता। ३९७८

श्रीः

(वि॰सं॰ १९९८ शा॰ श॰ १८६३ ई॰ सं॰ १९४१ स्व॰ ज॰ ग॰ ३७ व॰ ३८)

(सं॰ १९९८ वै॰ शु॰ १० मं॰ ६-५-४१ से सं॰ १९९८ ज्ये॰ शु॰ ९ बु॰ ४-६-४१ तक)

मास ११

कविकर्म के ५ बीत १४ वर्ष गए

(वै॰ शु॰ १० मं॰ — आज १४ वर्ष बीत कर १५ वां लगा। (पा॰ सं॰)
वै॰ शु॰ १५ र॰ तक भो॰ कंवर शिवसिंह जी के यहां। बाकी ज्ये॰ कृ॰ १ सो॰ से
~~श्री १०५ राजासाहब के यहां से भोजनादि की सामग्री आती है। पं॰ हर-~~
देवजी के पास भो॰ होता है। ।) हजामत।
पाठशाला के सामने २ कंवर मेरे पास हैं।
राजासाहब, जजसाहब मिल जाते हैं।
यहां ना अच्छा बीता।
पं॰ इकबाल नारायण गुर्टू प्रो वाइस चान्सलर हिन्दू युनिव॰
सिटी से परिचय हुआ।

आय ० | व्यय ।) | सह॰ ना॰ पाठ ९०।
पहले के स॰ ना॰ पा॰ —
३९७८ + ९०
४०६८

१९४१
१४
१९२७

श्री:

(वि.सं.१९९८ शा.श.१८६३ ई.स.१९४१ स्व.म.-३७ व.३८)

मास १२

वि.सं.१९९८ ज्ये.शु.१० बृह.५-६-४१ से आषा.शु.९ बृह.३-७-४१ तक

(→ इस मास में भी भोजनादि प्रबन्ध पहले की तरह ही रहा।

राजासाहब के साथ १ बार शिमला व २ बार सलोगड़ा गया था।

✓ सोलन का मेला २२ जून को था राजासाहब के साथ गद्दी कुर्सी थी।

"जिन्दगी" "दीवाली" फिल्म राजपीठ खेल देखे। राणासाहब कुठार से परिचय हुआ। १=) पाठशाला के लड़कों को =) हीरानन्द को दिये कागज के लिये। १रु. मथुरादास को भेंट राधेश्याम को -) सलोगड़ा में मन्दिर में। १५ दिन ला. शामलाल नरमजी (मास्टर साहिब) हमारे पास रहा। =) कार्ड। ।-) इनाम।

आषा.शु.९ बृह.३-७-४१ को हमारा जन्मदिन हुआ।

३रु. लड्डू बांटे २रु. पं. हरिदत्त ज्यो. कुमहला को मृत्युंजय जप के लिये दक्षिणा दी। =) ब्राह्मणों को दक्षिणा।

✓ जन्मदिन के दिन ही "दुर्गाभवन" की स्थापना की उसमें श्रीराजासाहब भी उपस्थित थे। इसमें सत्साहित्य पुस्तकों का सुन्दर संग्रह होगा। नाहन वाली राजमाता ने अपने कोठी पर हमारा जन्मदिन मनाया। ब्राह्मण भोजन किया था।

? श्री राजासाहब, मण्डी वाली राजमाता, नाहन वाली राजमाता श्री खवासन वास, नै ... वास, व श्री १०५ सौ. गढ़वाली राणी साहिबा सबने फल आदि भेजे थे। सुमना ने १रु. दिया था।

आय १रु. । व्यय ७रु. १=) । सह. ना. पा. ८८० । पहले के सह. ना. पाठ —

४०६८ + ८७
४१५५

वर्ष साधारणतया अच्छा ही बीता।

सम्मान, स्वास्थ्य, भी अच्छा ही रहा।

- १०४ रु. इस वर्ष में आय रही। ५६ रु. -)॥ व्यय।

श्री पञ्जाब सरकार की धपना कर प्रकाशित (स्वहस्ताक्षर ... की)

14.7.40 to 3.7.41

श्री:

वि. सं. १९९६ शा. श. १८६१ ई. स. १९३९ स्व. ज. ग. ३६ व. ३७

मास २

(अधि. श्रा. २५ १० बु. २६-७-३९ से. शु. श्रा. शु. ९ बु. २३-८-३९ तक)

इस मास भर 'समलोटी' में पं. चरणदास मास्टर के घर निवास और भोजन। बीच में १ रात्री 'शेरागणा' गये थे। वहां पं. भदरीदत्तजी के घर रात भर रहे। तथा १ रात्री 'नागोता' में पं. चौधरी जी ज्योतिषी के घर रहे। १० या १२ बार ला. शंकामलने सीधा भेजा होगा। हमको पता लगने पर हमने आगे फिर भेजने को मना कर दिया। इसका अन्न अच्छा नहीं है। एक बार पं. तिहालरामने सीधा भेजा था। एक बार पं. ऊधो जी के घर मैंने भोजन किया। एक बार ला. किशोरीलाल के भोजन किया। मास्टर चरणदास को तर्कसंग्रह और व्यास [illegible] पढ़ाइये। ० [illegible]

आम भी यहां लोगोंने खिलाए। दुर्गागण जी मेरे साथ ही रहे।

आय ० व्यय ० सहस्रनाम पाठ ८७ हुए।

शरीर बीमार ही रहा। घुटने में पीड़ा अभी वैसी ही है। शान्ति नहीं।

सह. ना. पाठ—

२१०८ + ८७ = २१९५

26-7-39 to 13-7-40

श्री:

वि॰ सं॰ १९९६ शा॰ श॰ १८६१ ई॰ स॰ १९३९ स्व॰ ज॰ ग॰ ३६ व॰ ३० मास ३

(शु॰ श्रा॰ शु॰ १० बु॰ २४-८-३९ से भा॰ शु॰ ९ शु॰ ~~२३~~ 22-९-३९ तक)

(श्रा॰ शु॰ १३ र॰ तक (समलोटी) कांगड़ा में पं॰ चरणदासके घररहे। रुद्रगण भी साथ ही रहा। १३ र॰ को भोजनकरके समलोटी से टिकिट लेकर राजपुरा के लिये रवाना होगये। १० रु॰ ।) २ टिकिट किराया। -) कुली पठानकोट में =)। अंगूर।

(श्रा॰ शु॰ १४ सो॰ आज सुब: ~~४~~ ४ बजे राजपुरा' पहुंचे। पं॰ गौरीनन्दपाधाके पास २ रात्री ठहरे। ~~[illegible]~~ भा॰ कृ॰ १ बु॰ को गौरीके यहां खा पीकर रेलसे 'कुराली' रात १० बजे पहुंचा। रुद्रगण साधुगढ़ उतरगया उसको २ रु॰ =) दिये। ।।।) ~~किराया~~ कुराली तक लगा। कुराली में ४ रात्री रहा। =)।। अंगूर। भोजन पं॰ हरदेव के यहां। तथा निवास ज्योतिषीजीके नये घरमें। ला॰ लावणराम ला॰ तोताराम आये थे। भा॰ कृ॰ ४ र॰ — आज सुब: पैदल 'बढ़ामपुर' चला गया। यहां १९ रात्री रहा। भो॰ निवास सब ला॰ लावणरामके घर हुआ। १ बार भोजन बाबू कुलवन्तरायके पास भी किया। यहां रहते आंखें बहुत खराब हो गयी थीं। पर शीघ्र ही ठीक भी होगयीं। अब जननेन्द्रिय और उसके आसपास ~~[illegible]~~ बहुत हो गयी है। पुरानेको आराम होरहा है।

(~~[illegible]~~ ९ शु॰ को ला॰ लावणरामके भो॰ करके लारी से कुराली आये। पं॰ जीवाराम (बसौलपुर) मिलने ~~[illegible]~~ ज्योतिषीजीके घर। पं॰ जीवाराम (बसौलपुर) मिलने आयाथा १ रु॰ ~~[illegible]~~ गया। मास्टर भगवानदासने १ रु॰ दिया। लारीकिराया =) कर्तारामने दिया।

इस महीने में शरीरमें कई रोग होगये थे। खासतो अभी अच्छी नहीं हुई। आय २ रु॰। व्यय १३ रु॰ ।।)।।। सहस्रनाम पाठ २०

सह॰ ना॰ पाठ — २०
२१९५ + २० = २२०५

२२८५

श्री:

वि.सं. १९९६ शा.श. १८६१ ई.स. १९३९ स्व.ज.ग. ३६ व. ३७

मास ४

(आ.शु.१० शु. ३ २५-९-३९ से आ.शु.९ श. २१-१०-३९ तक)

(आ.शु.१० श. – भो. पं. हरदेव के पास निवास ज्योतिषीजी के घर।

॥–) तार सोलन को।

(आ.शु.११ र. – आज पं. राजोपाध्याय और राजासाहब कुशाली आये और आग्रह करके मेरेको 'सोलन' ले गये। बघाट स्टेट कार से रात ११ बजे सोलन पहुंच गये। १ रु. ड्राइवर को दिया। यह कुशाली आया था हम को मिलने। सोलन में ४ रात्री रहा। निवास अतिथिगृह में भोजन राजमाता (सिरमौरी) के यहां। (१ दिन राजासाहब के भोजन किया था।

